सं.16015/1/2022-पीएमआई

भारत सरकार

रसायन और उर्वरक मंत्रालय

उर्वरक विभाग

*****

शास्त्री भवन, नई दिल्ली

दिनांक: 25 अक्टूबर, 2023

कार्यालय ज्ञापन

विषय: मंत्रिमंडल के लिए माह सितंबर, 2023 के मासिक सार के संबंध में।

अधोहस्ताक्षरी को माह सितंबर, 2023 के संबंध में उर्वरक विभाग का मासिक सार एतदद्वारा सूचनार्थ परिचालित करने का निदेश हुआ है।

इसे सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से जारी किया जाता है।

(अनिल फुलवारी)

निदेशक (पीएमआई)

दूरभाष: 011-23389839

सेवा में

1. मंत्रिपरिषद के सभी सदस्य

प्रतिलिपि:

1. भारत सरकार के सभी मंत्रालयों/विभागों के सचिव
2. निदेशक, मंत्रिमंडल सचिवालय, राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली-110004
3. सचिव (उर्वरक) के वरिष्ठ प्रधान निजी सचिव
4. अनुभाग अधिकारी (आईटी) को इसे उर्वरक विभाग की वेबसाइट पर अपलोड करने के लिए।

विषय: माह सितंबर, 2023 के संबंध में उर्वरक विभाग का मासिक सार।

1. माह के दौरान समग्र उत्पादन निष्पादन:

(आंकड़े 'लाख मी.टन' में)

उत्पाद का नाम	माह के दौरान उत्पादन	इस माह तक संचयी उत्पादन
यूरिया	26.51	152.70
डीएपी	4.00	23.29
अमोनियम सल्फेट (ए/एस)	0.58	3.08
मिश्रित उर्वरक	7.46	48.87
सिंगल सुपर फॉस्फेट	4.21	25.76

स्रोत: dbtfert.nic.in 06.10.2023 की स्थिति के अनुसार

2. माह के दौरान उर्वरकों की आकलित आवश्यकता, उपलब्धता और बिक्री:

(आंकड़े 'लाख मी.टन' में)

उत्पाद का नाम	आकलित आवश्यकता	उपलब्धता	बिक्री
यूरिया	21.47	74.96	29.97
डीएपी	7.18	37.45	15.70
एमओपी	2.50	7.42	2.36
एनपीके	9.41	52.01	18.77

आंकड़ों का स्रोत डैशबोर्ड है।

3. माह के दौरान आयातित तैयार उर्वरकों का ब्यौरा:

उत्पाद का नाम	मात्रा 'लाख मी.टन' में
यूरिया	5.10
कृषि उपयोग हेतु एमओपी	2.18
डीएपी	2.95
एनपीके	1.86

4. सितम्बर 2023 के दौरान तलचर उर्वरक परियोजनाओं की वृद्धिशील प्रगति।

भारत सरकार ने ओडिशा के अंगुल जिले में स्थित मेसर्स एफसीआईएल की तलचर इकाई के पुनरुद्धार को अधिदेशित किया है। तदनुसार, 12.7 एलएमटीपीए क्षमता के कोयला गैसीकरण-आधारित अमोनिया यूरिया संयंत्र की स्थापना के लिए तलचर फर्टिलाइजर्स लिमिटेड (टीएफएल) नामक एक संयुक्त उद्यम कंपनी निगमित की गई है, जो भारत में अपनी तरह का पहला उद्यम है। इस संयंत्र की आधारशिला माननीय प्रधानमंत्री द्वारा 17 फरवरी, 2019 को रखी गई थी। टीएफएल में गेल, आरसीएफ और सीआईएल प्रत्येक की साम्या 31.85% है और एफसीआईएल की साम्या 4.45% है। उर्वरक विभाग द्वारा परियोजना कार्यकलापों की नियमित निगरानी की जा रही है। टीएफएल परियोजना की समग्र प्रगति इस प्रकार है:-

क)	अगस्त, 2023 तक परियोजना की समग्र प्रगति	:	49.87%
ख)	सितंबर, 2023 के दौरान वृद्धिशील प्रगति	:	1.16%
ग)	सितंबर, 2023 तक समग्र प्रगति	:	51.03%

परियोजना की प्रगति में तेजी लाने के लिए महत्वपूर्ण मुद्दों को अभिचिह्नित किया गया है और नियमित आधार पर उनकी समीक्षा की जा रही है। साइट पर कोयला गैसीफायर, बॉयलर और प्रिलिंग टॉवर से संबंधित उपकरण/मशीनरी को लगाया जाना शुरू हो गया है। एलएसटीके संविदाकार ने साइट पर जनशक्ति जुटाव में वृद्धि की है। इसके अतिरिक्त, महत्वपूर्ण निविदाओं और पैकेजों के अनुमोदन में तेजी लाई गई है। जनशक्ति भर्ती की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। कौशल विकास योजना को अंतिम रूप दिया जा रहा है। तीनों संयुक्त उद्यम भागीदारों के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक अब नियमित आधार पर मासिक बैठकें कर रहे हैं।

5. व्यय की स्थितिः

वित्त वर्ष 2023-24 के लिए <u>179066.43 करोड़ रुपए</u> के कुल उपलब्ध बजट अनुमान की तुलना में सितंबर, 2023 के दौरान उर्वरक राजसहायता के प्रशासन पर 14369.48 करोड़ रुपये (यूरिया: 6279.49 करोड़ रुपये तथा पीएंडके: 8089.99 करोड़ रुपये) का व्यय हुआ। अप्रैल 2023 से सितंबर 2023 के दौरान 112698.58 करोड़ रुपये (यूरिया: 70497.88 करोड़ रुपये और पीएंडके: 42200.7 करोड़ रुपये) अर्थात कुल आवंटन का लगभग 62.94% का क्रमिक व्यय हुआ।

****